मध्यप्रदेश विधान सभा

जून-अगस्त, 1990 सत्र

दैनिक कार्य-सूची

मंगलवार, दिनांक 26 जून, 1990 (आषाढ़ 5, 1912)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री सुन्दरलाल पटवा, मुख्य मंत्री, भारत के संविधान के अनुच्छेद 323 (2) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग का इकतीसवां वार्षिक प्रतिवेदन (दिनांक 1-4-1987 से 31-3-1988 तक) पटल पर रखेंगे.

(2) श्री सुन्दरलाल पटवा, मुख्य मंत्री, विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 की धारा 75 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1987-88 पटल पर रखेंगे.

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) श्री जगदम्बा प्रसाद निगम, सदस्य, भोपाल जिले के ग्राम कसडल्या में विद्युत करंट से चार मौतें होने की ओर मुख्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री चनेशराम राठिया, सदस्य, रायगढ़ जिले के घरघोड़ा थानान्तर्गत हुई चार आदिवासी महिलाओं की मौत की ओर मुख्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. वर्ष 1990-91 के आय व्ययक पर सामान्य चर्चा (क्रमशः)

विश्वेन्द्र मेहता
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक 25 जून, 1990